तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड टॉपर जिज्ञासु वर्मा सम्मानित



12 नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण



CAN'T HIDE
शाश्वत
THAT'S PRIDE
उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
नि:शुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू
कक्षा12 वीं 97%
छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो. 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

आक्रोश : राजस्थान की बालिका को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

## कांग्रेस ने किया अग्रवाल की गिरफ्तारी का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा ने जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में गार्डन चौक में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर केंद्रीय एवं राज्य की जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तथा राजनीतिक द्वेष के तहत कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया।

विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेसजनों ने राजस्थान में 13 वर्षीय बालिका के अपहरण, दुष्कर्म एवं हत्या की घटना के विरोध में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, पूर्व जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू छल्ला, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, शैलेंद्र बंजारे, हेमचंद्र केसरवानी, शरद शुक्ला, मुरारी मिश्रा, दीनदयाल साहू, योगेश वर्मा, अरुण कन्नौज, चितेश्वर साहू, खिलेंद्र वर्मा, सुनील कुर्रे, युधिष्ठिर नायक, सलीम खान, तुलसी वर्मा, रविंद्र नामदेव, अधिवक्ता संजय सोनी, सुखदेव साहू, लखेश साहू, कालिंदी वर्मा, जनपद सदस्य रामकुमार टंडन, गोल्डी मरैया, नीरज बांधे, विजय साहू, मोहन साहू, कमलेश्वर यादव, जतीराम साहू, देवेंद्र वैष्णव, रवि बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसजनों ने फूंका पुतला



**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने यह आंदोलन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस के आह्वान पर, भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एवं राज्य की विभिन्न जांच एवं प्रशासनिक एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने तथा राजनीतिक द्वेषवश झूठे प्रकरणों में फंसाने के प्रयासों के विरोध में किया गया।

वहीं राजस्थान में 13 वर्षीय बालिका के अपहरण, दुष्कर्म एवं निर्मम हत्या की घटना के विरोध में तथा दिवंगत बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से विधायक इन्द्र साव, सुरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, दिवाकर मिश्रा, संदीप दुबे, आलोक मिश्रा, सुधेराम वर्मा, अमित शर्मा, नानू सोनी, अजय ठाकुर, सुंदर साहू, संजय शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, विमल शर्मा, दिनेश तिवारी, विमलेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी पांडे, भुवनेश्वर शर्मा, नरेंद्र कुमार यादव, मोहन निषाद, शादाब जलियावाला, आबिद खान, कोमल साहू सहित काफी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## गड्ढे में अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, झारखंड का युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रिसदा-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे गड्ढे में बाइक चले जाने से झारखंड निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली की डायल-112 (बाज-01) टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर डायल-112 में तैनात आरक्षक त्रिलोचन ध्रुव एवं चालक खगेश मानिकपुरी घटनास्थल पहुंचे। दुर्घटना में घायल युवक की पहचान मोहम्मद जुबेर अंसारी, निवासी धनबाद (झारखंड) के रूप में हुई। सड़क किनारे गड्ढे में बाइक उतर जाने से वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा, जिससे उसके हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं तथा अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था।

डायल-112 टीम ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों एवं अस्पताल प्रबंधन ने सराहना की। पुलिस ने वर्षा ऋतु में गड्ढों और फिसलन को देखते हुए वाहन चालकों से नियंत्रित गति एवं सावधानी के साथ वाहन चलाने की अपील की है।

### खबर संक्षेप



### 8 तहसीलदारों को कलेक्टर ने थमाया नोटिस

**बिलाईगढ़** | कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पद्मिनी भोई साहू ने 8 तहसीलदारों क़ो समय सीमा की बैठक में सौंपे गए कार्य, जिले के राजस्व कार्यों और एग्रीस्टेक पोर्टल में धान खरीदी से जुड़े किसान पंजीयन कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तहसीलदारों क़ो 3 दिवस में जवाब कलेक्टर क़ो देना है। राजस्व कार्य बटांकन, नक्शा विहीन ग्राम का सत्यापन, वन ग्राम से घोषित राजस्व ग्राम का नक्शा निर्माण एवं अपडेट और भू अभिलेख सर्वेक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं करने पर उप तहसील कोसीर के तहसीलदार शनि कुमार पैकरा, सारंगढ़ तहसीलदार खोमन लाल ध्रुव सह नंदकिशोर सिन्हा, सरसीवा तहसीलदार मोहन साहू, भटगांव तहसीलदार नीलिमा अग्रवाल, बरमकेला तहसीलदार पुष्पेंद्र राज, बिलाईगढ़ तहसीलदार कमलेश सिदार, सरिया तहसीलदार कोमल साहू क़ो कारण बताओ नोटिस मिला है।

## फरार चल रहे 10 स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामिल अपराधियों में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले में अपराधियों, फरार आरोपियों और न्यायालयीन वारंटियों के विरुद्ध लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक ही दिन में कुल 10 गिरफ्तारी वारंट तामिल कराने में बड़ी सफलता हासिल की है। पलारी पुलिस की इस त्वरित और सामूहिक कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों और वारंटियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस द्वारा दबोचे गए मुख्य वारंटियों में अश्वनी यादव पिता भरतलाल यादव ▶▶ शेष पेज 11 पर

### गंभीर मामलों के वारंटियों पर कसा शिकंजा

10 जुलाई को थाना पलारी प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर न्यायालय द्वारा जारी वारंटों की तामिली की। सभी वारंटी न्यायालय की तारीखों पर उपस्थित न होकर लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही थी। थाना पलारी पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करने के पश्चात संबंधित माननीय न्यायालयों न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ द्वितीय श्रेणी बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## छात्रा से ठगी करने वाले ढोंगी तांत्रिक को न्यायालय ने सुनाई 3 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अंधविश्वास फैलाने वाले और धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिमगा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। भूत-प्रेत का साया दूर करने और पूजा-पाठ के नाम पर एक कॉलेज छात्रा से ऑनलाइन ठगी करने वाले मध्य प्रदेश के शातिर आरोपी जयप्रकाश मिश्रा को न्यायालय ने जेल की सजा सुनाई है। इस पूरे मामले में विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक ओंकार सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तुत किए गए पुख्ता दस्तावेजी साक्ष्य आरोपी को सजा दिलाने में मील का पत्थर साबित हुए। सिमगा थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छात्रा सिमगा निवासी बीएससी थर्ड सेमेस्टर को आरोपी जयप्रकाश मिश्रा ने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया। आरोपी ने पीड़िता को डराया कि उसके ऊपर भूत-प्रेत का साया है और यदि पूजा-पाठ नहीं कराया गया तो अनहोनी हो जाएगी। आरोपी ने अंधविश्वास का झांसा देकर अलग-अलग समय में पीड़िता से अपने क्यूआर कोड पर कुल 18,600/- की ▶▶ शेष पेज 11 पर

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी जयप्रकाश मिश्रा दोषी



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमगा, योगिता जांगड़े की अदालत ने आरोपी जयप्रकाश मिश्रा को दोषी करार देते हुए 9 जुलाई को आदेश पारित कर धारा 318 (4) बीएनएस के तहत: 02 वर्ष का कारावास एवं 300 रुपए का अर्थदंड जुर्माना न पटाने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 319 के तहत: 01 वर्ष का कारावास एवं 200 रुपए का अर्थदंड जुर्माना न पटाने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास यह दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इस अंतर्राज्यीय ठग को सजा दिलाने में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कुमार केशर तथा थाना सिमगा के प्रधान आरक्षक ओंकार सिंह राजपूत की अत्यंत सराहनीय एवं उत्कृष्ट भूमिका रही है, जिनकी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई है।

## आवास सूची में अनियमिता कलेक्टर से शिकायत

**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा व आश्रित ग्राम ढनढनी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सूची जारी की गई है, जिसमें एक ही परिवार से अनेक लोगों की नाम सूची में आया हुआ है उसमें भी कई लोग का नाबालिक है। कई लोगों की शादी नहीं हुई, फिर भी सूची में नाम अंकित है। ग्रामीणों का कहना है कि जो गरीब मजदूर है फिर भी उसकी नाम सूची से नदारत होने के चलते गांव के लोगों द्वारा सूची में आए हुए नाम की जांच करने की मांग की है, ताकि सही लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाया जा सके।

## लंबित मांगों को पूरा कराने कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त आव्हान पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं विधायक कसडोल संदीप साहू को मुख्यमंत्री के नाम मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें मोदी की गारंटी लागू करते हुए लंबित प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत को देय तारीख से शीघ्र भुगतान का आदेश जारी किया जाए, कैशलेस चिकित्सा की घोषणा बजट सत्र में किया गया था किंतु योजना की जानकारी कर्मचारियों को अभी तक नहीं दी गई है योजना का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाए सेवानिवृत्त पर 300 दिवस का अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया जाए अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत का सीलिंग समाप्त किया जाए तथा पेंशनरों को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में शामिल किया जाए। 70 वर्ष के आयु होने पर 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि करने महंगाई राहत भुगतान में मध्य प्रदेश शासन से सहमति लेने की परंपरा समाप्त की जाए सहित पेंशन कल्याण मंडल का पुनर्गठन करने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश का क्रियावायन करते हुए छठवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर राशि का भुगतान किया जाय प्रमुख मांगे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर

सामूहिक पहल से शासन-प्रशासन को दिखाया आइना

## ग्रामीणों ने स्वयं के पैसों से बनाया 65 फीट लम्बा पुल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल से 30 किमी दूर महानदी के तट पर बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम दौनाझर व घिरघोल के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को आईना दिखाते हुए अपने मेहनत तथा आपस में चंदा एकत्र कर गांव के नजदीक पुटपुरा (पिपरछेड़ी) नाला में 65 फीट लम्बा, 20 फीट चौड़ा और 2 फीट मोटा कुल 8 लाख रुपये खर्च कर पुलिया का निर्माण कर लिया है।

ग्रामीणों की इस पहल ने लोगों को एक बहुत बड़ा संदेश दे दिया है कि यदि समस्याओं के प्रति शासन-प्रशासन, क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने सुध नहीं लिया तो ग्रामवासियों की एकता, आपसी सामंजस्य से बड़े से बड़ा काम किया जा सकता है।



बीते दिनों ग्रामीणों ने नवर्निमित पुलिया का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्वनिर्मित पुल का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से इस नाले में पुलिया बनाने के लिये हर तरह से प्रयास किये गये पर आश्वासन के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ। जिसके पश्चात ग्रामवासियों ने गांव में बैठक कर पुलिया निर्माण के लिए संकल्प लिया और सभी ने मिलजुलकर ▶▶ शेष पेज 11 पर

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप





### एकता व हिमांशु का नवोदय में चयन

**पलारी।** स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी माध्यम पलारी में अध्ययनरत एकता सिन्हा व जे सी पब्लिक स्कुल संडी मे अध्ययनरत हिमांशु साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 9 वी के लिए चयन हुआ है। शासकिय पूर्व माध्यमिक शाला पलारी में पदस्थ शिक्षक चुरामन सिन्हा, माता अनिता सिन्हा की पुत्री हैं। नवोदय में चयन होने पर शाला के शिक्षक, परिवार और मित्रगण हर्ष व्यक्त किया। वही हिमांशु साहू पिता प्रीतम साहू छेरकाडीह का चयन होने पर माता पिता सहित परिवार जानो ने हर्ष व्यक्त किया।

### करही बाजार में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण



**करहीबाजार।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करही बाजार स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों ने फूल, फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित जीवन देने का भी आधार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि हरियाली ही खुशहाली है और प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर अरुण निषाद, राजेश पटेल, रामकुमार यादव, अजरदास मानिकपुरी, मुकेश केशरवानी, सियाराम चक्रधारी, नर्मदा यादव, मोहन यादव, बसंत देवांगन, अशोक पटेल, मोतीराम देवांगन, दौलत सेन, नरोत्तम निषाद, जयराम यादव, कुंजबिहारी, अनजान ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी मूलशंकर पटेल ने दी।

### जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेनभांठा में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई से मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर बागबारा थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। बागबाहरा थाना अंतर्गत सेनभांठा निवासी निर्मलकुमार चक्रधारी के साथ उसके छोटे भाई टोपलाल चक्रधारी ने गाली गलौज करते हुए मारपटी कर दी। पुलिस ने बताया कि निर्मल कुमार 9 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे अपने खेत गया था। वहां टोपलाल ने विवाद करते हुए डंडे से सिर में मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### नाबालिग सहित दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन रहे दो लोगों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी देवा पारधी पिता नरेंद्र पारधी (20 साल) स्टेशनपारा बेलसोंडा एवं एक नाबालिग के कब्जे से 54 पौवा देशी मसाला शराब सुपर 36 कीमत 5400 रुपए एवं बाइक कीमत 30, 000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

महासमुंद। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ कर दिए गए है। प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है।





**पहल :** ग्रामीणों ने खुद उठाया जिम्मा, ईंट-सीमेंट से बनाई दीवार, शुरू कराया आवागमन

# ग्रामीणों ने स्वयं के खर्चे से बनाया बालमदेही नदी का क्षतिग्रस्त पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में कसडोल जनपद अंतर्गत सरकारी तंत्र की सुस्ती और वर्षों की अनदेखी के बीच बारनवापारा क्षेत्र के ग्रामीणों ने वह कर दिखाया, जो प्रशासन छह वर्षों में नहीं कर सका। बारनवापारा से भोथाही, अमेठी घाट होते हुए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित बालमदेही नदी का पुल वर्ष 2019 से क्षतिग्रस्त पड़ा है। कई बार आवेदन, जनप्रतिनिधियों से गुहार और प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब पुल का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो ग्रामीणों ने खुद श्रमदान किया और ईंट-सीमेंट से अस्थायी संरचना तैयार कर आवागमन दोबारा शुरू करा दिया।

## बार-बार आवेदन के बाद भी शासन-प्रशासन ने नहीं सुनी ग्रामीणों की

**सवालों के घेरे में प्रशासन**

ग्रामीणों की यह पहल एक ओर सामाजिक एकजुटता और जनभागीदारी की प्रेरक मिसाल है, तो दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर छह वर्षों से एक महत्वपूर्ण पुल के पुनर्निर्माण में इतनी देरी क्यों हो रही है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें शासन और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।



पाड़दाह और सैहाभाठा के बीच वन क्षेत्र में वर्ष 2005-06 में बने इस पुल का मध्य पिलर वर्ष 2019 की भारी बारिश में ढह गया था। इसके बाद पुल का लेंटर 'वी' आकार में झूल गया और आवागमन पूरी तरह जोखिम भरा हो गया। तब से हर मानसून में यह मार्ग बंद हो जाता है और करीब 25 से 30 गांवों के हजारों लोगों का संपर्क प्रभावित होता है।

ग्रामीणों के अनुसार हर वर्ष वे अपने स्तर पर टूटे हिस्से में मुरुम डालकर अस्थायी रास्ता बनाते हैं, लेकिन पहली तेज बारिश में वह बह जाता है। इस वर्ष 5 और 6 जुलाई को हुई बारिश में भी यही स्थिति बनी। पुल पर डाला गया मुरुम बहने से स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत द्वारा पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जा चुका है परंतु तत्काल कोई सहायता नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने पंचायत व आपसी सहयोग से श्रमदान किया। इसके बाद पुल के दोनों ओर ईंट और सीमेंट की मजबूत दीवार बनाकर बीच में मुरुम भरवाया गया, जिससे एक बार फिर लोगों का आवागमन शुरू हो सका। इस कार्य में गाँव के लोकनाथ रात्रे, धरम रात्रे, अश्वनी कैवर्त, इंद्रा कुमार प्रभाकर, गंगादेव चतुर्वेदी सहित अनेक ग्रामीणों ने सहयोग और श्रमदान कर उल्लेखनीय योगदान दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह केवल अस्थायी समाधान है। यदि लगातार बारिश हुई तो यह व्यवस्था भी बह सकती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि, क्षेत्र की जीवनरेखा बन चुके इस पुल का शीघ्र स्थायी पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि हजारों लोगों को सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके।

## मवेशी से टकराकर घायल हुआ बाइक सवार, डायल-112 की तत्परता से पहुंचा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम डोटोपार मुख्य मार्ग पर गुरुवार रात एक अज्ञात बाइक सवार मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली की डायल-112 (बाज-01) टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार, रात करीब 8 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर डायल-112 में तैनात आरक्षक त्रिलोचन ध्रुव एवं चालक जीवन राजपूत तत्काल घटनास्थल पहुंचे। वहां एक युवक सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसके सिर व शरीर पर चोटें थीं। घायल बेहोश होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। घटनास्थल पर मिली मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 72 एएस 6918 है, जिसके आधार पर पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है।

डायल-112 टीम ने घायल को प्राथमिकता के आधार पर जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को वाहन या घायल के संबंध में जानकारी हो तो तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस या जिला अस्पताल को सूचित करें। पुलिस ने वर्षा ऋतु में रात्रिकालीन यात्रा के दौरान सड़कों पर बैठे मवेशियों से सावधान रहने, वाहन की हेडलाइट दुरुस्त रखने तथा नियंत्रित गति से वाहन चलाने की भी अपील की है।

## दो दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर पंचायत सचिव करेंगे कामबंद आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ, जिला इकाई बलौदा बाजार-भाटापारा ने लंबित मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 12 जुलाई तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो जिले के समस्त पंचायत सचिव 14 जुलाई से कलमबंद एवं कामबंद आंदोलन शुरू करेंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

संघ के अनुसार पंचायत सचिव लंबे समय से अपनी विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से सचिवों में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

संघ की प्रमुख मांगें 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके 12 सचिवों को पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ तत्काल दिया जाए, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक पंचायत सचिवों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

- पुनरीक्षित वेतनमान, समय पर वेतन, एरियर भुगतान और एनपीएस राशि जमा करने सहित कई प्रमुख मांगें।

पूर्व में निलंबित सचिवों की एरियर राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, बिना ठोस कारण पंचायत सचिवों के निलंबन एवं स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए, अतिरिक्त प्रभार वाले सचिवों के स्थान पर संलग्न सचिवों की पदस्थापना कर अतिरिक्त प्रभार से मुक्ति दिलाई जाए। सचिवों के वेतन से कटौती की गई एनपीएस राशि तत्काल संबंधित खातों में जमा की जाए,15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सचिवों का लंबित एरियर भुगतान किया जाए।

सेवानिवृत्त होने वाले सचिवों को एनपीएस की राशि तत्काल प्रदान की जाए।

छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो जिले के सभी पंचायत सचिव आंदोलन में शामिल होकर कार्य का बहिष्कार करेंगे। इससे पंचायतों के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

## कांग्रेस की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की कार्यकारिणी बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज विद्यार्थियों की उपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नीट परीक्षा पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े संबोधन का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवाओं के भविष्य, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी चर्चा हुई।

- विद्यार्थियों को दिखाया राहुल गांधी का नीट पर संबोधन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय हैं। उन्होंने दोषियों पर कठोर कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की मांग दोहराई। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, ब्लॉक प्रभारी दीपक वर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने तथा जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में कॉलेज विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 93 ग्रामीणों को मिली विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कुकुरदी सीमेंट संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम पंचायत कुकुरदी में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के समीप विशेषज्ञ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के निर्देशन एवं एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साहू सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में बाजपेयी नर्सिंग होम एवं दंत चिकित्सालय, बलौदाबाजार की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं प्रदान की। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित बाजपेयी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आस्था बाजपेयी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू बाजपेयी तथा सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमकुमार जायसवाल ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना कंपनी की सामाजिक प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

शिविर में कुल 93 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य जागरूकता और समय पर उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम के दयाराम वर्मा, परमेश्वर साहू, ग्राम की मितानिन बहनों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## पंडवानी गायिका पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई को दी श्रद्धांजलि

**पलारी।** अपने कला साधना के बल पर सबके दिलों में राज करने वाली पद्मश्री, पद्मभुषण, पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई पारधी का दुनिया से चले जाना पंडवानी गायन का ही नहीं वरन कला जगत के लिये अपूरणीय क्षति है, मात्री शक्ति का खालीपन भर पाना नामुमकिन सा प्रतीत होता है,इस उपलब्धि तक नारी जाति का पहुँचपाना अपने आप मे मिशाल है जो सदैव हम सबका मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते रहेगा।

वृंदावन बिहारी लाल की जय घोष के साथ पंडवानी गायन प्रारंभ करना और बीच,बीच मे कका का उच्चारण उनकी अपनी कपालिक शैली की विशेष पहचान थी, कका शब्द कानों में जादू सा असर करती थी, पूरी जनता उनके भाव भंगिमा की मुरीद होकर आनंद के सागर डूब जाया करती थी ऐसा यादगार पल अब भुलाए भुला नहीं जायेगा।

समन्वय साहित्य परिवार पलारी के सभी सदस्यों ने उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया है। जिसमें प्रमुख रुप से डॉ राम कुमार साहू मयारु, पोखन, पुरन जायसवाल, नेहरू लाल यादव, तोरण सर, दीपक, अरुण, मुकेश, भोलाराम, मुरली साहू, मोहन देवागन, वीरेंद्र साहू, लोकेश्वर वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड टॉपर जिज्ञासु वर्मा सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिज्ञासु वर्मा का प्रतीक चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने मेधावी छात्र, उनके माता-पिता तथा विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं डालना चाहिए। उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर उनकी प्रतिभा स्वतः निखरकर सामने आती है। उन्होंने जिज्ञासु की उपलब्धि को पलारी ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव बताया और अन्य विद्यार्थियों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मण राव, प्रादेशिक सचिव, सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर ने कहा कि जिज्ञासु वर्मा ने सभी सरस्वती शिशु मंदिरों का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्था के लगभग 300 विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट सूची के शीर्ष स्थानों के करीब रहे, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि योगेश चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने जिज्ञासु वर्मा की सफलता को विद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में सविता भीम यादव, विपिन बिहारी वर्मा, खोड़ासराम कश्यप, दीपक सोनी, डॉ. अजय राव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के सचिव ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि प्राचार्य राकेश तिवारी, समाज के पदाधिकारी, पालकगण एवं विद्यालय परिवार बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

# वन मंडलों में जल-जंगल, मानव वन्यजीव संरक्षण की पहल जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मानसून ऋतु के दौरान बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वन परिक्षेत्रों में वन संरक्षण, जल संरक्षण, प्राकृतिक पुनर्जनन, वन महोत्सव, मानव-वन्यजीव संरक्षण एवं वन मार्गों के रखरखाव से संबंधित विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य वर्षा ऋतु का अधिकतम उपयोग करते हुए वन क्षेत्रों का संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों की सहभागिता को सुदृढ़ करना है।

हाल ही में हुई वर्षा के बाद वनमण्डल के विभिन्न वन क्षेत्रों में जल संरचनाओं में उल्लेखनीय जलभराव दर्ज किया गया है। जल संचय से जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत पूर्व वर्षों में निर्मित जल अवशोषण ट्रेंच एवं अन्य जल संरक्षण संरचनाएँ पूरी तरह जल से भर गई हैं। यह संरचनाएँ वर्षा जल के संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण तथा वन क्षेत्रों में नमी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मानसून के दौरान वन मार्गों को सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आड़ीपार निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। बार–दोंद मार्ग, पुटपुरा तथा पूर्व सुरबाय–बारनवापारा वन मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर वर्षा जल से होने वाले कटाव को रोकने हेतु सुरक्षा श्रमिकों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### कैक्टस रोपण से वन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुरक्षा

वन क्षेत्रों में सुरक्षा एवं संरक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बल्दाकछार परिक्षेत्र के दलदली परिसर में सुरक्षा संरचनाओं के किनारे लाइव हेज के रूप में कैक्टस रोपण भी प्रारंभ किया गया है। इससे मृदा संरक्षण के साथ-साथ वन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### हाथी मित्र दल को मिले सुरक्षा उपकरण

इसी क्रम में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। बारनवापारा अभ्यारण्य में हाथी मित्र दल को वन्य हाथियों की प्रभावी निगरानी एवं ग्रामीणों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने हेतु टॉर्च, मेगाफोन एवं जूते वितरित किए गए, जिससे दल की कार्यक्षमता एवं सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके।

### वन्य जीवों के लिए जल संरक्षण जरूरी



### साजा के सफल अंकुरण से बढ़ी उम्मीद

वनमण्डल द्वारा संचालित सीड बॉल रोपण अभियान के भी सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। वन परिक्षेत्र देवपुर में साजा प्रजाति के सीड बॉल से सफल अंकुरण देखा गया है। वहीं अर्जुनी परिक्षेत्र के उत्तर महराजी परिसर में कंटूर पाल संरचनाओं एवं जल संरक्षण संरचनाओं के किनारे सीड बॉल रोपण तथा स्थानीय घास प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है, जिससे मृदा कटाव की रोकथाम के साथ प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### सहकारी समिति में किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल रहा उर्वरक

**बलौदाबाजार**। खरीफ सीजन में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में ठाकुर देव चौक, पुरानी बस्ती बलौदाबाजार निवासी किसान तीज राम कन्नौजे, पिता नेतराम कन्नौजे, अपनी 92 डिसमिल कृषि भूमि के लिए उर्वरक लेने सहकारी समिति पहुंचे। तीज राम ने बताया कि समिति में उन्हें बिना किसी परेशानी और लंबी प्रतीक्षा के पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुव्यवस्थित होने के कारण उन्हें लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ी और सुविधाजनक ढंग से आवश्यक उर्वरक प्राप्त हो गया। किसान तीज राम कन्नौजे ने किसानों के हित में की गई इस प्रभावी व्यवस्था के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर खाद मिलने से खेती के कार्य सुचारु रूप से संपादित किए जा सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी 168 सहकारी समितियो में पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध कराया गया हैं, ताकि किसानों को जरुरत के अनुसार खाद बीज मिल सकें।

### नवागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद**। संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा अपने जन्मदिन पर शाला के सभी विद्यार्थियों के लिए शासन के महत्वाकांक्षी योजना पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज में बच्चों को समोसा, कचौड़ी, जलेबी, आचार एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने बड़े उत्साह से भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अमर साहू, किरण दीवान, रसोईया दयाबाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई, दयालु उपस्थित रहे। संस्था के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

## कलेक्टर ने सभी संकेतकों में बेहतर कार्य करने के निर्देश

# पीएचसी कटगी व झीपन को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं स्वास्थ्य केंद्रों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी पीएचसी, सीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी संसाधन के साथ ही साफ़- सफाई व स्वच्छता को विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। इस दौरान पीएचसी कटगी एवं पीएचसी झीपन को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र मिलने पर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में शौचालय साफ़ -सुथरे हो, स्वस्थ्य केन्द्र का परिवेश बेहतर हो,मरीजों के साथ सद्भाव रखें और संवेदनशीलता के साथ ईलाज हो। उन्होंने मरीजों के रिफरल प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक होने पार ही अन्य अस्पतालो में रिफर करने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही कलेक्टर ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु ज़ारी एचपीवी वैक्सीनेशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे समय सीमा की बैठक में सम्मिलित करने के निर्देश दिए तथा इस पर स्कूलों में व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के लिए शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा।

कलेक्टर ने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों की खंड चिकित्सा अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे तथा चिन्हांकित बच्चों को जल्द से जल्द कुपोषण से बाहर लाने की व्यवस्था की जाए। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत उन्होंने सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को सर्कुलर जारी कर यह सुनिश्चित करने को कहा कि छात्राओं को प्रति मंगलवार एवं शुक्रवार को पिंक गोली का सेवन अपने समक्ष करवाएं। टीबी कार्यक्रम में केसों की समय पर रिपोर्टिंग तथा कुष्ठ हेतु संवेदनशील क्षेत्र में सभी के लिए दो-डोर सर्वे एवं उपचार के निर्देश भी दिए गए ।

कलेक्टर ने गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत शुगर एवं बीपी जांच एवं उनके फॉलोअप कम होने पर नाराजगी जाहिर की उन्होंने इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग की निगरानी के लिए बीएमओ और बीपीएम को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सर्वाइकल कैंसर ,स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग कम होने पर उसे अगली बैठक तक प्रगति लाने के भी निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड प्रगति के लिए कलेक्टर ने चिन्हित विद्यार्थियों के लिए विशेष शिविर लगाने कहा साथ ही समय समय पर निजी अस्पतालों की गुणवत्ता की जांच के भी निर्देश दिए हैं । इसके साथ ही कलेक्टर ने जीवन दीप समिति के माध्यम से जिला अस्पताल के फिजियोथैरेपी सेंटर को नया सीसीटीवी कैमरा,प्रसव के बाद शिशुवती माता को पोषक जचकी लड्डू देने पर भी सहमति जताई।

# सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- जिले के 1400 से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल, परीक्षा के लिए आवश्यक निर्देश जारी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। जिले में शासकीय दाउ कल्याण आर्टस एंड कॉमर्स पीजी कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज बलौदाबाजार, सेजेस पं.चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकण्डरी बलौदाबाजार, पंडित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार एवं एम.डी.वही. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में जिले के 1 हजार 474 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

जिला प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा प्रत्येक अभ्यर्थी की प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से अनिवार्य जांच (फ्रिस्किंग) की जाएगी।

अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश -परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी अभ्यर्थियों को कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि पहचान सत्यापन, मेटल डिटेक्टर से जांच एवं अन्य औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें। अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र, पारदर्शी बिना लेबल वाली पानी की बोतल, नीले अथवा काले बॉल पेन तथा आवश्यकता होने पर दो पासपोर्ट साइज फोटो ही साथ ला सकते है। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी प्रकार की घड़ी, नजर के चश्मे के अतिरिक्त अन्य चश्मा, आभूषण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र में पूरी तरह निषिद्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना भी अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े ही पहन कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर सकेंगे। कार्गो एवं डिजाइनर कपडे की अनुमति नहीं होगी. केवल सामान्य जींस पेंट एवं अन्य पैंट की अनुमति होगी।

## रेंगबोड़ में पंडवानी और रामचरितमानस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

ग्राम रेंगबोड़ में स्व सूरजा बाई साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर साहू परिवार द्वारा राम मंदिर चौक में गुरु कृपा पंडवानी एवं रामचरितमानस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। आकाशवाणी और दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणपत राम साहू, सीताराम वर्मा, रामकुमार निषाद, बेदराम यादव एवं मेघनाथ साहू ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मेघनाथ साहू ने किया।



## शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष बने मदन व उपाध्यक्ष शंकर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी में 10 जून को आवश्यक बैठक विद्यालय प्रागंण में आयोजित की गई। इसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठन सम्बंध चर्चा की। इसमें सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मदन लाल खाण्डेकर एवं उपाध्यक्ष शंकर पटेल बनाएं गये हैं और सदस्य बिलग राम केवट, अशोक कुमार वर्मा, नंदकुमार यादव, संजय चौहान, मीना बंजारे, गीता केवट, रामप्यारी वर्मा, रंजना श्रीवास, डाली सोनी, गंगा बाई वर्मा, यशोदा बाई, जानकी बाई पटेल, देवप्रसाद केवट सरपंच गिधौरी, विमला नोनीया, सचिव रमेश यादव प्राचार्य, रीना शुक्ला, सुनीता पटेल, कृष्ण खाण्डेकर आदि बनाये गये है सभी नवगठित समिति पदाधिकारयों का प्राचार्य द्वारा गुलाल टीकाकरण लगाकर अभिवादन किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ के सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

# संयंत्र रावन ने किसानों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्षेत्र के 48 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उन्नत खेती एवं वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पलारी विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी सुचीन वर्मा ने किसानों को प्रधानमंत्री समृद्धि एवं फसल बीमा योजना, आशा योजना, रासायनिक खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं नियम तथा वृक्षारोपण की वैज्ञानिक विधियों की विस्तृत जानकारी दी।

वहीं किसान एफपीओ के डायरेक्टर नारायण साहू ने जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों, मृदा परीक्षण, जैविक उर्वरकों के समन्वित उपयोग, फसल पोषण प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के प्रभावी उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है तथा अनावश्यक लागत में कमी आती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों के समक्ष रखा, जिनका व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक समाधान विशेषज्ञों द्वारा बताया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय के साथ सीएसआर टीम के द्वारिका वर्मा , सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद साहिल बांधे एवं गुमान साहू का विशेष योगदान रहा।

## पेज 9 के शेष

### फरार चल रहे ...

28 वर्ष, साकिन खम्हरिया को धारा 294, 323, 34 । रेशम वर्मा पिता बिखसु वर्मा 26 वर्ष साकिन नगपुरा, धारा 294, 323, 506। हेमन्त वर्मा पिता भगवती वर्मा 24 वर्ष, साकिन पौसरी धारा 403। शिवकुमार वर्मा पिता भगवती वर्मा 27 वर्ष, साकिन पौसरी धारा 403। भरतलाल यादव पिता मयाराम यादव 60 वर्ष, साकिन खम्हरिया धारा 294, 323, 34 ,इतवारी पिता संतोष टंडन 30 वर्ष साकिन नागपुरा धारा 294, 506, 323 । लाभा पारधी पिता भुवन पारधी 22 वर्ष साकिन चांपा पौसरी धारा 279, 429 तथा 3/181, 5/180 MV Act । उमेश यादव पिता भारत लाल 28 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया धारा 294,323,34। खिलेश भारती पिता टिकेश्वर 20 वर्ष निवासी ग्राम मुडपार धारा 34(2) आबकारी एक्ट। सागर वर्मा पिता पुरूषोत्तम 28 वर्ष निवासी ग्राम जर्वे सभी थाना पलारी धारा 296, 115(2), 3(5) BNS के तहत जारी गिरफ्तारी वारंट को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### छात्रा से ठगी...

धोखाधड़ी कर ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता की शिकायत पर थाना सिमगा में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया गया था। विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक ओंकार राजपूत ने मामले की जांच शुरू की। उन्होंने तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किए और घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार किया। आरोपी को सजा की दहलीज तक पहुंचाने के लिए ने बैंक ऑफ बड़ौदा, सिमगा से संपर्क कर पीड़िता के बैंक खाते का पूरा स्टेटमेंट और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। उक्त सबूतों के आधार पर उन्होंने आरोपी जयप्रकाश मिश्रा पिता श्यामलाल मिश्रा 44 वर्ष, निवासी-रामानुज कालोनी, वार्ड नंबर 17 शहडोल, थाना सोहागपुर, जिला शहडोल (मध्य प्रदेश) को शहडोल से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मजबूत साक्ष्य के चलते अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ संदेह से परे अपराध साबित करने में पूरी तरह सफल रहा।

### लंबित मांगों को ...

मनोज दुबे छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पवन कुमार हिरवानी के नेतृत्व में कर्मचारी एवं पेंशनर्स साथियों के साथ कर्मचारी एवं पेंशनरों के मांगों को समर्थन करते हुए अनुशंसा पत्र भेजे जाने मांग पत्र सौंपा गया।

### ग्रामीणों ने स्वयं ...

पुलिया बनाने का काम प्रारम्भ किया। इस कार्य में लगभग एक माह का समय लगा।

गांव के प्रमुख सियान खुलाश राम वर्मा, राम्हू पैकरा, पीताम्बर पैकरा ने बताया कि पुल निर्माण के साथ गांव वालों के आम निस्तार के अलावा नदी के पार स्थित पलारी, रोहांसी तरफ से आने वाले लोगों के आवागमन की सुविधा होगी, जिससे अमेठी घाट से कसडोल, तुरतुरिया जाने आने वालों को 8 कि. की बचत के साथ समय और धन की भी बचत होगी।

ग्राम दौनाझर व घिरघोल के ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से बने पुलिया का अंचल के ग्रामीणों ने सराहना किया है। इस कार्य में खुलास राम वर्मा, रामहू पैकरा, केदार ध्रुव, पिताम्बर पैकरा, अंजोर दास, रुखमणी बाई, कुंती बाई, मती बाई, मनकी बाई, हीरा बाई, डिगेश पैकरा, दर्शन दास, करण निषाद, मनहरण यादव, पीताम्बर पैकरा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, मनीराम, महेंद्र, योगेश आदि की सक्रिय भूमिका रही।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**बलौदाबाजार**। भारत सरकार ने दिव्यांगजन व्यक्तियों के सशक्तिकरण राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 हेतु जिले के पात्र व्यक्तियों, संस्थाओं और नागरिकों से ऑनलाइन नामांकन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन (मोस्ट, आउटस्टैंडिंग पर्सन विथ डिसेबिलिटीज) श्रेष्ठ दिव्यांगजन (दिव्यांग व्यक्तियों में उत्कृष्ट) एवं श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांगबाल/बालिका (उत्कृष्ट रचनात्मक दिव्यांगबाल) उपश्रेणी के लिए है। यह पुरस्कार उन लोगों को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिन्होंने समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा दिया है। इच्छुक आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन जानमति चेलक के पति ईतवारी चेलक निवासी ग्राम मटिया, तहसील टुण्डरा क्री नहर नाली के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### प्रशिक्षणार्थियों को किट का वितरण

**सरायपाली**। आजीविका महाविद्यालय में संचालित जल वितरक संचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आश्वम टीम एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने किट प्राप्त कर संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आश्वम टीम एंड टेक्नोलॉजी के काउंसलर, ट्रेनर कोऑर्डिनेटर तथा आईटीआई के प्रिंसिपल की उपस्थिति रही।

## निधन

### यादराम मिरी



**गोपालपुर**। रामनामी समाज के वरिष्ठ सयान यादराम मिरी 75 वर्ष ग्राम बेंदुवा 10 जुलाई को निधन हो गया। उनके दो पुत्र और आठ पुत्री है वे सामाजिक व्यक्ति थे। उनकी शोकसभा में भूपराम लहरे, कौशल रामनामी, जायसी, बंशीलाल रात्रे, नीराला, दरस राम टंडन एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### भानु राम सोनी



**पलारी**। नगर वार्ड 10 निवासी भानु राम सोनी 71 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार में नागरिकगण शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित की है। वह संतोषी बाई सोनी की पति टिनेश्वर, कुंदन, डोमन सोनी के पिता व कोमल सोनी के चाचा तथा रवि, राजा सोनी के दादा थे।

### सावित्री नामदेव



**भाटापारा**। नयागंज वार्ड निवासी सावित्री नामदेव 55 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को रामसागर वार्ड हिंदू मुक्ति धाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे कपिल नामदेव की पत्नी थी व प्रकाश नामदेव की माताजी और चंद्रशेखर, कैलाश, रामेश्वर की बहन थी।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में संगठनों ने रखी समस्याएं

## कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग शेड का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त जिले के विभिन्न अधिकारी -कर्मचारी एवं पेंशन संघ के पदाधिकारियों की समस्याएं और सुझाव को सुना गया और निर्णय लिये गये।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति, लिपिक संवर्ग विभागीय भर्ती परीक्षा, शिक्षकों के लिए टीईटी को शिथिल करने, कैशलेस उपचार सुविधा शीघ्र लागू करने की मांग रखी। पेंशन संघ द्वारा सेवा पुस्तिका में नामिनी का समय -समय पर अपडेट करने की मांग की गई।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी पदाधिकारियों की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण हेतु जिला अधिकारियो को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों का जिला स्तर पर निराकरण हो सकता है उनको शीघ्र निराकरण करें तथा शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित करने पर उसकी प्रतिलिपि संघ के पदाधिकारी को भी उपलब्ध कराएं।

बैठक में अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फ़ेडरेशन, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, छात्रावास अधीक्षक संघ सहित अन्य मान्यता प्राप्त संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### 29 शासकीय क्वार्टर्स की मरम्मत नियमित बजट से कराई जाएगी

छत्तीसगढ़ अधिकारी -कर्मचारी फेडरेशन द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में आगंतुकों के वाहन पार्किंग के लिए शेड निर्माण को शीघ्र पूरा कराने,बलौदाबाजार स्थित 29 क्वाटर्स के मरम्मत कराने हेतु ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस पर शेड निर्माण को शीघ्र पूरा करने तथा 29 क्वार्टर की मरम्मत नियमित बजट से कराने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही वहां नये मल्टी स्टोरी क्वाटर्स के लिये प्रककलन तैयार कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने कहा गया।

## सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू

# 13 दिनों में 150 लीटर शराब जब्त,12 आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी निधीश कुमार कोष्टी के मार्गदर्शन में जिला आबकारी की टीम द्वारा 27 जून से 10 जुलाई तक 150 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त कर 12 आरोपियों को जेल भेजा गया।

- गिरौदपुरी में 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब और 150 किलो महुआ लाहन बरामद

वृत्त भाटापारा में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी जनक राम युद पिता गंगू राम यदु 35 ग्राम बोरसी थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से 40 पाव कुल 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 4,000 होना पाया गया।वृत्त कसडोल के अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा आरोपी सुंदरलाल पिता सेतराम 44 वर्ष ग्राम थरगांव थाना सलीहा के कब्जे से 16.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त की है। आरोपिया दिलोबाई पति सेतराम 40 ग्राम रंगोरा चौकी बया के कब्जे से 18.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। दोनो आरोपियों के कब्जे से कुल 34.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 6,800 होना पाया गया।वृत्त कसडोल में ही आबकारी विभाग द्वारा आरोपी आगम दास सोनकर उर्फ सेठ सतनामी पिता समारू 46 वर्ष निवासी गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी के कब्जे से 20.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब एवं लगभग 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया।हाथभठ्ठी महुआ शराब का बाजार मूल्य 4,000 एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 9,000 होना पाया गया।









### दो स्थानों पर आबकारी की कार्रवाई

आरोपी बॉबी रत्नाकर पिता सुखदास 26 वर्ष ग्राम गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी के कब्जे से 7.56 बल्क ली. देशी मदिरा प्लेन एवं 3.96 बल्क ली. विदेशी मदिरा गोवा कुल 11.52 बल्क ली. मदिरा जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 6,000 होना पाया गया।इसी तरह वृत्त सिमगा में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी रूपेश टंडन ग्राम डोंगरिया थाना हथबंद के कब्जे से 50 पाव कुल 9 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 5,000 होना पाया गया।

### 26.28 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

वृत्त भाटापारा में आरोपी गोविंदा यादव पिता छुनना यादव उम्र 30 सा. नयागंज वार्ड भाटापारा के कब्जे से 35 पाव कुल 6.30 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 3,500होना पाया गया। वृत्त पलारी क्षेत्र में आरोपी बिसन लाल सा. दतान थाना पलारी के कब्जे से 7.74 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 4,300-होना पाया गया। वृत्त सिमगा में आरोपी राजा मसीह ग्राम बिश्रामपुर थाना सिमगा के कब्जे से 35 पाव कुल 6.3 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 3,500 होना पाया गया। शैलेन्द्र साहू ग्राम दरचुरा थाना सिमगा के कब्जे से 38 पाव कुल 6.84 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 3,800 होना पाया गया।

### महुआ शराब जब्त, दो पर मामला दर्ज

वृत्त कसडोल में आरोपिया अमरीका पति पवन ग्राम इंदिरा कालोनी के कब्जे से 20 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब एवं अमित साहू पिता इंद्रमण ग्राम बंगलापाली चौकी सोनाखान के कब्जे से 20 बल्क लीटर हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब कुल 40 बल्क लीटर जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 8,000 होना पाया गया। सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

# मुरा में पुलिया निर्माण की मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम पंचायत मुरा के किसानों एवं ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं राहतभरी खबर है। वर्ष 2022–23 में तत्कालीन सरपंच नूतन ध्रुव द्वारा ग्राम मुरा स्थित विश्व भारती मिनरल के पीछे क्षतिग्रस्त लोहे की पुलिया के निर्माण हेतु सिंचाई विभाग को पत्र प्रेषित कर शीघ्र स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई थी। उक्त मांग पर सिंचाई विभाग ने सकारात्मक कार्रवाई करते हुए पुलिया निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इसके पश्चात 22 जून को छत्तीसगढ़ शासन के बजट में भी इस कार्य को शामिल कर लिया गया, जिससे वर्षों से पुलिया निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे किसानों एवं ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह पुलिया क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से खेतों तक आवागमन सुगम होगा, कृषि उपज के परिवहन में सुविधा मिलेगी तथा वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत मुरा के समस्त ग्रामीणों एवं किसानों ने इस जनहितकारी निर्णय का स्वागत करते हुए सिंचाई विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# संकुल केंद्र पचरी में पाठ्य पुस्तकों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। संकुल समन्वयक कांत कुमार द्वारा संकुल के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठकों को पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं, ताकि विद्यार्थियों को पुस्तकों का लाभ मिल सके। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी तक समय पर पाठ्य सामग्री पहुंचाना है, जिससे किसी भी छात्र की पढ़ाई पुस्तकों के अभाव में प्रभावित न हो। उन्होंने सभी विद्यालयों से पुस्तकों का सुव्यवस्थित वितरण सुनिश्चित करने तथा उनका समुचित अभिलेखीकरण करने का आग्रह किया। पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध होना उनकी नियमित पढ़ाई के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि पुस्तक वितरण से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति उत्साह बढ़ेगा और शिक्षण कार्य भी प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विद्यालयों के प्रधान पाठक तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना से कुपोषण मुक्त जिला करने 19 शिविर लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के उद्देश्य को जिले में पूर्ण करने के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन व पहल से कुपोषण मुक्त सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिला कार्यक्रम के तहत कुपोषित बच्चों को अधिकारियों द्वारा गोद लेकर उसे कुपोषण से मुक्त करने में अपना सहयोग दिया जा रहा है। इसमें अधिकारी चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों के वजन व ऊंचाई का सत्यापन कर गोद लिए बच्चे की सघन निगरानी, फालोअप कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कुपोषित पंचायतों का चिन्हांकन कर आईएमए तथा रेडक्रास जैसे स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग लिया जा रहा है।

इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से परियोजना सारंगढ़, कोसीर, बरमकेला व लेन्धरा परियोजना के विभिन्न सेक्टरों में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के 19 शिविर का आयोजन जून माह में किया गया, जहां 573 कुपोषित बच्चों का परीक्षण कर जांच उपरांत 422 बच्चों क्रो दवाईयां दिया गया और 45 बच्चों क्रो पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजा गया। इस योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु योजना का संचालन कराया जा रहा है। इस योजना के तहत कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# सशिमं हायर सेकंडरी स्कूल सरखोर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

ब्लॉक मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर बसा ग्राम पंचायत कोयदा में सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल सरखोर के तीसरी पार्ट का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ समारोह में जिला न्यायालय, कसडोल न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के अधिवक्ता संतराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व रत्नों के मूल्यों से अधिक होता है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर भाजपा नेता हेमंत साहू , सरपंच प्रतिनिधि करन दिनकर, कांग्रेस नेता नरसिंह साहू सहित विद्यालय के संचालक राकेश रोशन साहू, शिक्षिका निर्मला कैवर्त, उषा साहू सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



### राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बने वेदराम



**खरोरा**। छत्तीसगढ़ शासन ने निगम-मंडल एवं आयोगों में नियुक्तियों की घोषणा करते हुए वेदराम मनहरे को राज्य अनुसूचित जाति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रिय जनसेवा और समाजहित में किए गए कार्यों का सम्मान माना जा रहा है। मनहरे ने कहा कि शासन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दीं।

## शिवरतन शर्मा और अश्वनी शर्मा की मौजूदगी में हुआ समारोह

# नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा




नगर पालिका परिषद में शुक्रवार को नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण हुआ। एसडीएम के समक्ष सभी नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा की गई। शपथ ग्रहण करने वाले नवनियुक्त मनोनीत पार्षद मोहन बांधे , रूपेश तिवारी राजकुमार कामनानी मधु सोनी डॉ. संतोष वर्मा समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, जिला अध्यक्ष आनंद यादव तथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राकेश तिवारी उपस्थित रहे।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज का दिन नगर के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मनोनीत पार्षद केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और संगठन के विश्वास का प्रतीक हैं। आप सभी प्रबुद्धजन और अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभवी लोग हैं, आपके नगर पालिका में आने से परिषद की कार्यकुशलता और बढ़ेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मैं नगर पालिका परिषद भाटापारा परिवार की ओर से सभी पाँचों नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। आज से हमारी टीम और अधिक मजबूत हो गई है। भाटापारा नगर का तीव्र विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। स्वच्छता, पेयजल, सड़कों का सुदृढ़ीकरण और मूलभूत सुविधाओं को हर वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के हमारे संकल्प को अब आप सभी के अनुभवों से नई गति मिलेगी। हम सब मिलकर एक सूत्र में बंधकर काम करेंगे और परिषद के भीतर सकारात्मक चर्चाओं के माध्यम से जनहित के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने सभी अतिथियों, नवनियुक्त पार्षदों, गणमान्य नागरिको का आभार व्यक्त किया।

